मूल्य 1 रु.
वर्षः 12 - अंक : 191, मुंबई, मंगलवार, 6 सितंबर, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®


# मुंबई हलचल

अब हर सच होगा उजागर




# फिर बढ़ी केआरके की मुश्किलें

## अब एक लड़की से सेक्शुअल फेवर मांगने पर हुई..... गिरफ्तारी



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** केआरके की मुसीबते और भी बढ़ गयी है। आपको बता दे, केआरके पहले ही एक केस के चक्कर में जेल के अंदर है। वही अब एक नया मामला सामने आ गया है जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। हैरानी की बात तो ये है कि ये मामला छेड़खानी का है। जी हां, अब केआरके को 3 साल पुराने केस को लेकर वर्सोवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस ने केआरके को जनवरी 2019 में शिकायतकर्ता से सेक्शुअल फेवर मांगने के आरोप में अरेस्ट किया है। केआरके पर ये आरोप था कि उन्होंने जनवरी 2019 के पहले हफ्ते में शिकायतकर्ता का हाथ पकड़ कर उनसे सेक्सुअल फेवर की मांग की थी। खबर के मुताबिक, केआरके ने एक एक्ट्रेस संग छेड़खानी कि थी। रिपोर्ट के मुताबिक, 27 साल की शिकायतकर्ता साल 2017 में मुंबई आई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि वो एक एक्ट्रेस, सिंगर और फिटनेस मॉडल हैं। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# एकनाथ शिंदे का उद्धव को एक और झटका

## एमएलसी के 12 नामों वाली लिस्ट को राज्यपाल ने किया रद्द



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की सियासत से ठाकरे सरकार भले ही बेदखल हो गयी हो लेकिन महाविकास अघाड़ी और गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी के बीच चल रही है जंग अभी भी शुरू है। दरससल एमवीए ने साल 2020 में 12 नामों की लिस्ट एमएलसी के अनुमोदन के लिए भेजी थी। हालांकि राज्यपाल ने ठाकरे सरकार की इस सिफारिश पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब इस लिस्ट को राज्यपाल ने खारिज कर दिया है। इस बाबत सीएम एकनाथ शिंदे ने गवर्नर को पत्र लिखा था और मांग की थी कि पुरानी लिस्ट को रद्द किया जाये। नई सरकार एक नई लिस्ट भेजेगी। ऐसी सूरत में विधायक बनने का सपना देखने वाले एमवीए के 12 लोगों की उम्मीद आज टूट गयी है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

**राज्यपाल ने ठाकरे की लिस्ट को रद्द किया:** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका लगा है। राज्य के गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी ने सोमवार को 2020 में पिछली महाविकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार द्वारा विधान परिषद (एमएलसी) के लिए प्रस्तावित 12 नामों वाली सूची को वापस लेने की इजाजत दे दी है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसके लिए गवर्न को चिट्ठी भी लिखी थी। उन्होंने इसमें एमएलसी के लिए प्रस्तावित नामों को वापस लेने की मांग की थी, जो कि राजभवन के पास करीब दो साल से लंबित थी।



# संजय राउत को नहीं मिली राहत

## 19 सितंबर तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने शहर में एक चॉल के पुनर्विकास में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में शिवसेना के सांसद संजय राउत की न्यायिक हिरासत को 19 सितंबर तक के लिए बढ़ा दिया है। दरअसल, संजय राउत की न्यायिक हिरासत की पांच सितंबर यानी आज को खत्म हो रही थी, जिसे कोर्ट ने अब और 14 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउत (60) को गोरेगांव उपनगर स्थित पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में एक अगस्त को गिरफ्तार किया था।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# स्कूलों में स्वच्छ शौचालय नीति के लिए क्या शुभ महूर्त का इंतजार?

## बॉम्बे हाईकोर्ट का शिंदे सरकार से सवाल



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र में स्कूलों में शौचालयों की स्थिति को लेकर सोमवार को तल्ख टिप्पणी की। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र में स्कूलों में शौचालयों की स्थिति बहुत खराब है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि क्या वह लाचार है या इस मुद्दे पर कोई नीति बनाने के लिए किसी शुभ मुहूर्त की प्रतीक्षा कर रही है। न्यायमूर्ति प्रसन्न वराले और न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख की खंडपीठ ने कहा कि राज्य के स्कूलों में शौचालयों खराब स्थिति से वह लोग बहुत दुखी है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## हमारी बात

### बाढ़ के पीछे

प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप बढ़ते जाना न केवल दुख, बल्कि बड़ी चिंता का भी विषय है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में ऐसी बाढ़ आई है कि आपातकाल की घोषणा करनी पड़ी है। नदियों के तटबंध टूटने और झीलों के फटने से पाकिस्तान इस सदी की सबसे भीषण बाढ़ का सामना कर रहा है। देश का कम से कम एक तिहाई हिस्सा जल में डूबा हुआ है। आपदा ऐसी है कि वैज्ञानिक भी विश्लेषण करने में लग गए हैं। शुरूआती विश्लेषणों में वैज्ञानिकों का कहना है कि कई कारकों ने भयानक बाढ़ को अंजाम दिया है। इस आपदा से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। वहां 1,200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और तीन करोड़ से भी ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। ऐसी जल आपदा कभी पाकिस्तान में देखी नहीं गई। चूंकि ऐसी जल आपदा की कोई कल्पना या आशंका नहीं थी, इसलिए बड़ी संख्या में लोग इससे प्रभावित हुए हैं और वहां का सत्ता प्रतिष्ठान भी ऐसी आपदा के लिए मानसिक या जमीनी रूप से तैयार नहीं था। एक पूरा देश आपदा झेलने के लिए विवश हुआ है। पाकिस्तान में चूंकि पर्यावरण के अनुकूल वैज्ञानिक विकास या प्रबंध ज्यादा नहीं हुआ है, इसलिए वहां बांधों या नहरों की भी कमी है। शोधकताओं ने अनुमान लगाया है कि आपदा की शुरुआत इस साल शायद अभूतपूर्व गरमी या लू के साथ हुई थी। अप्रैल और मई में पाकिस्तान में कई जगहों पर लंबे समय तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा है। पहले तापमान ऐसे लगातार ऊपर नहीं रहता था। एक तथ्य यह भी है कि मई महीने में जैकोबाबाद शहर में तापमान 51 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया था। कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि बीती गरमियों में पाकिस्तान दुनिया के सबसे खराब लू या 'हीट वेव' के दौर से गुजरा है। पाकिस्तान के पूर्व जलवायु मंत्री ने भी कहा है कि उनका मुल्क दुनिया में सबसे गरम स्थान था, जिसके नतीजे अब सामने आ रहे हैं। हालांकि, यह गौर करने की बात है कि गरम हवा कई बार अत्यधिक नमी का रूप धारण कर लेती है। अतः कुछ मौसम विज्ञानियों ने पहले ही यह चेता दिया था कि पाकिस्तान में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। इस्लामाबाद यूनिवर्सिटी के एक जलवायु वैज्ञानिक अतहर हुसैन कहते हैं कि भीषण गरमी ने उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में ग्लेशियरों को भी पिघला दिया है, जिससे सहायक नदियों में बहने वाले पानी की मात्रा बढ़ गई है। कोई आश्चर्य नहीं, पाकिस्तान की सबसे बड़ी सिंधु नदी में जल ज्वार की स्थिति है। वैसे अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस वर्ष नदियों में कितने हिमनद पिघलकर बहे हैं। वैज्ञानिक गहराई से अध्ययन में जुटे हैं। बाढ़ या नदियों में जिस तरह का पानी देखा जा रहा है, उसमें जैसी कीचड़ की मात्रा है, उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर हिमनद पिघले हैं, शायद बर्फ की बड़ी झीलें भी फटी हैं। पाकिस्तान के कुछ प्रांतों में दोगुना, तो कुछ प्रांतों में पांच गुना पानी आया है। अब पाकिस्तान को भी प्राकृतिक आपदाओं पर गंभीरता से काम करना होगा। पहले बाढ़ के लिए भारत को भी अगंभीरता के साथ जिम्मेदार ठहरा दिया जाता था, लेकिन अब पाकिस्तान में लोग समझ गए हैं कि यह आपदा उनके हिस्से की है, वे किसी को दोष नहीं दे सकते। हां, यह बात पाकिस्तान में भी उठ रही है कि यदि भारत के साथ संबंध सामान्य होते, तो पाकिस्तान में लोगों को ऐसी तबाही के समय राहत में आसानी होती। शायद यह आपदा पाकिस्तान के चिंतन और प्राथमिकताओं को सही दिशा प्रदान करेगी।

# वक्त की चाल, तब देवर्षि गोर्बाचेव थे अब महादशा के पुतिन, बोरिस, शी व नरेंद्र मोदी !



**वक्त** आगे बढ़ता है मगर इंसान ठहरा रहता है। वह अपनी जड़ता, बुद्धिहीनता, नासमझी और इलहाम में अटकता है। यह सत्य आज दुनिया के सामने है। हर तरफ पृथ्वी जलवायु परिवर्तन में लोगों का जीना बिगाड़ते हुए है। पृथ्वी का, मानवता के दुर्भाग्य की महादशा है। बीसवीं सदी में लगने लगा था, वक्त बताने लगा था कि पृथ्वी बरबादी की ओर है। इसलिए इंसान को बदलना होगा। पुराना ढर्रा छोड़ना होगा। विश्व के लोग अपने को गांव में बदलें। देशों की सीमाएं टूटें। धर्म, सभ्यता, संस्कृति, विचारों के जो अलग-अलग बाढ़े बनाए हैं वे खत्म हों। मानवता एक भाव, एक विचार से यह सोचे कि कैसे पृथ्वी को बचाएं? विश्व के लोग एक साथ, समग्रता में फैसले ले। जलवायु, पर्यावरण को बचाएं। खुशहाल बनें और आगे बढ़ें। तभी वक्त ने वह ज्ञान-विज्ञान, वह बुद्धि पैदा की जो दुनिया सचमुच गांव बनने लगी। भूमंडलीकरण शुरू हुआ।

उस वक्त एक मानव देव पैदा हुआ। मिखाईल गोर्बाचेव सोवियत संघ के अधिपति हुए। और वह महामानव पृथ्वी के उन लोगों को आजाद, भयमुक्त बनाने वाला हुआ जो सदियों से जारशाही, कम्युनिस्ट लालशाही की घुटन में जी रहे थे। ये लोग भय की स्लाविक मुर्दादिली में आजादी का मतलब नहीं जानते थे। मगर गोर्बाचेव वह महामानव था, जिसका संकल्प था मैं लोगों को जेलों में नहीं डालूगा। उन देशों, उन लोगों पर टैंक नहीं दौड़ाउंगा, जिन्हें उनके पूर्ववर्ती स्टालिन और तानशाह नेताओं ने दौड़ाते हुए सोवियत संघ नाम का साम्राज्य बनाया था। गोबार्चेव ने बगावत झेली। उस साम्राज्य को अपना गौरव मानने वाले आला सेनाधिकारियों, पुलिस-खुफिया एजेंसी केजीबी और सेना-तंत्र-औद्योगिक महाशक्ति के ताने-बाने की आठ लोगों की गैंग ने बगावत करके गोबार्चेव और उनकी पत्नी को नजरबंद किया। उन पर पिस्तौल तान कर के उनसे इमरजेंसी घोषणा व लोगों की आजादी छीनने के ऑर्डर पर दस्तखत लेने चाहे। लेकिन गोर्बाचेव नहीं डरे नहीं। बंदूक के आगे कहा- मैं दस्तखत नहीं करता, यदि मारना है तो मार डालो। नतीजतन उस गैंग की सैनिक-केजीबी क्रांति फेल हुई। तानाशाही का महासाम्राज्य सोवियत संघ खत्म हुआ। उससे पंद्रह अलग-अलग देश बने। उन पंद्रह में रूस भी एक। इतना ही नहीं पूर्वी जर्मनी, हंगरी, पोलैंड सहित ईस्ट ब्लॉक के आठ देश आजाद हुए। पूर्व और पश्चिम जर्मनी का एकीकरण हुआ। मतलब कोई पैंतीस करोड़ लोगों की जिंदगी में अचानक नई, ताजा और आजाद हवा का झोंका आया। एक और तथ्य। गोबार्चेव ने महाशक्तियों के बीच में निरस्त्रीकरण के समझौते की पहल की। एटमी हथियारों को खत्म और कम कराया। शीत युद्ध खत्म हुआ। दुनिया अचानक अमन और खुशहाली की ओर दौड़ पड़ी। सीमाएं टूटीं। एक वीजा पर या बिना वीजा के पूरे यूरोप में लोगों का मानव के रूप में आना-जाना शुरू हुआ। भूमंडलीकरण शुरू हुआ।

तभी मेरा मानना था और है कि गोर्बाचेव मानव इतिहास के उन बिरले महादेवताओं में एक हैं, जिनके कारण करोड़ों इंसानों ने देश नाम के बाड़ों की छाप की पशु पहचान से बाहर निकल कर बतौर पृथ्वी के मनुष्य की गरिमा में जीना शुरू किया, दुनिया एक गांव बनने की और बढ़ी। क्या वह होना वक्त के आगे बढ़ने का प्रमाण नहीं था? गोबार्चेव की लीडरशीप से पृथ्वी और उसके मानव की प्रकृति बदली। यूरोप, पश्चिमी सभ्यता में परस्पर सहयोग, वैश्विक खुलेपन का वह अध्याय शुरू हुआ, जिससे कई भविष्यद्दष्ट मानने लगे कि अब इतिहास का अंत। मतलब अब युद्ध, महायुद्ध की विभीषिकाओं से मुक्ति। मेरा मानना है 1995 के बाद से 2020 तक के पच्चीस सालों में इस खुशफहमी का सर्वाधिक लाभ चीन और रूस को मिला। यदि यूरोप और जर्मनी के देश रूस और चीन से रिश्तों के भरोसे में गैस पाइप लाइन बना कर गैस-तेल नहीं लेते निर्मित वस्तुएं नहीं खरीदते तो रूस और चीन दोनों आज कहां होते? वह वक्त लाजवाब था। उस वक्त ने दुनिया को गोबार्चेव, माग्रेरेट थैचर, रोनाल्ड रीगन, पीवी नरसिंह राव, देंग शियाओ पिंग और उनके बाद जियांग जेमिन जैसे नेताओं को लीडरशीप की कमान दिलाई और पृथ्वी व उसके छह अरब लोगों को एक गांव, एक दुनिया बनाने की और धकेला। शायद इसलिए क्योंकि मनुष्य के तीन सौ सालों के कुकर्मों का पृथ्वी खुद भार संभालने में असमर्थ बनती जा रही थी। जलवायु परिवर्तनों में आकाश में छेद होने के खतरे मंडराने शुरू हो गए थे। मेरा मानना था और है कि वक्त मुनष्यों को अधिकाधिक चेतन और समझदार बनाने के अपने दायित्व का निर्वहन करता आ रहा है। तभी बुद्धि, ज्ञान-विज्ञान और उसके खोजे सत्य से मनुष्य अंतरिक्ष को भेदता हुआ है। बुद्धि और सत्य बल के पराक्रमी वैश्विक ब्राह्मण और पंडित लोग मानव को वे देवज्ञान देने लगे, जिसके कारण भविष्य में मंगलवास का रोडमैप बना है। उस नाते दुनिया एक गांव और भूमंडलीकरण मानवता का नेचुरल विकास था और है। मनुष्य सामूहिकता से पृथ्वी पर प्रलय के संकट का समाधान निकाले, और जरूरी हुआ तो दूसरे ग्रह में वह जा कर बसे, इसी मिशन के लांचिग पैड का नाम है भूमंडलीकरण। मगर दुर्भाग्य! वक्त ने पलटी खाई। पृथ्वी पर महादशा कुंडली मार आ बैठी है। नतीजतन सभी तरफ जन मन की बुद्धि का है हरण। मुसलमान मध्यकाल में लौट गया। हिंदू कलियुग के गोबर काल में जीने लगा। हान काल के मुगालते में चाइनीज सांस लेने लगे। चाइनीज और स्लाविक नस्ल के रूसियों ने मध्यकालीन उस साम्राज्यवादी विस्तार का रोडमैप बना डाला, जिसकी भूख अनंत है और जिद्द मनुष्यों के शोषण की है, लोगों को पालतू और भक्त बनाने की है। तो ईसाई पश्चिमी जन डोनाल्ड ट्रंप और उन जैसे कई देशों के मूर्ख राष्ट्रवादियों के बहकावे में हैं। गोरों की प्रभुता व अमेरिका को वापिस ग्रेट बनाने की आत्मघाती व कलही सोच को पाले बैठे हैं।

वैसी ही सोच का एक नायक बोरिस जॉनसन आज ब्रिटेन में प्रधानमंत्री पद को छोड़ रहा है। बोरिस जॉनसन को मैं आगे बढ़ती पश्चिमी सभ्यता का खलनायक इसलिए मानता हूं क्योंकि यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के बाहर निकालने और देश को भटकाव व बरबादी के रास्ते ले जाने में बोरिस का झूठ प्रोपेगेंडा वैश्विक राजधानी के लोगों का भटका गया। नतीजा सामने है। ब्रिटेन लगातार जर्जर होता हुआ देश है। उसकी इकॉनोमी घटते-घटते छठे स्थान पर चली गई। नतीजतन भारत में पांचवे नंबर की आर्थिकी बनने का हल्ला हुआ। हिंदू इससे भारत के विश्व गुरू होने, दुनिया के पांचवें कुबेर होने के गौरव में झूम रहे हैं। इन्हें इतनी भी समझ नहीं है कि पौने सात करोड़ लोगों के ब्रिटेन की इकॉनोमी के आकार से यदि 140 करोड़ लोगों की इकॉनोमी आगे निकली है तो वे जरा इसकी साइज में अपनी आबादी का भाग दे कर यह भी बूझें कि प्रतिव्यक्ति भारतीय के पास कितनी चिल्लर होती है। जैसे डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को बिगाड़ा वैसे ही बोरिस जॉनसन ने ब्रिटेन को हल्का, मसखरा और जोकर बना डाला। उधर पुतिन ने रूसियों को वैसा ही बना दिया जैसे गोबार्चेव से पहले खौफ और बिना आजादी के जीते थे। पुतिन के हमराही राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने चाइनीज लोगों को न केवल देंग शियाओ पिंग के व्यापारी विजन से भटकाया, बल्कि हान सभ्यता की उस साम्राज्यवादी सोच में डाल दिया, जिससे पूरा देश ही वर्चस्व की आग में जंगली ड्रैगन की तरह दुनिया पर उड़ता हुआ है, उसे डराता हुआ है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कलवा मुंब्रा के विधायक जितेंद्र आव्हाड द्वारा मुंब्रा स्टेशन पर रखी गई मीटिंग पर आम नागरिक में आक्रोश

## एमआईएम के कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष सैफ पठान द्वारा अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह पब्लिक है सब जानती है

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** काफी दिनों से रेलवे प्रशासन द्वारा रद्द की गई 21 लोकल ट्रेनों को लेकर जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है और जनता द्वारा मांग की जा रही है 21 लोकल ट्रेन की शुरूआत की जाए जोकि सैमी फास्ट और फास्ट ट्रेन है जब से एसी लोकल ट्रेनों की शुरूआत की गई है तब से लोकल ट्रेन के टाइम टेबल में काफी फेर बदल रेलवे प्रशासन की तरफ से किया गया है जिसके कारण सवेरे में मुंब्रा स्टेशन से गुजरने वाली सैमी फास्ट लोकल ट्रेन मुंब्रा स्टेशन पर नहीं रुकती है और एसी ट्रेन का किराया ज्यादा होने के कारण आम नागरिक ऐसी ट्रेनों मे जाने के लिए तैयार नहीं है यह तमाम समस्याओं को देखते हुए गत 4 अगस्त रविवार 12 बजे कलवा मुंब्रा के विधायक जितेंद्र आव्हाड द्वारा मुंब्रा स्टेशन के एम गेट पर जनता की समस्याओं को लेकर मीटिंग रखी गई परंतु इस मीटिंग के दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति आमदार पर आक्रोशित हो गए कहा कि मैं 40 साल से ट्रेनों में सफर करते आ रहा हूं उसका जवाब आमदार जितेंद्र आव्हाड ने देते हुए कहा आप 40 साल से ट्रेन में सफर कर रहे हो तो मेहरबानी नहीं कर रहे हो उस पर आक्रोशित व्यक्ति ने कहा यहां पर जो भी लोग उपस्थित है वह सभी आपके पार्टी के कार्यकर्ता हैं और पदाधिकारी हैं उसका अलावा मुंब्रा शहर का कोई भी आम नागरिक नहीं है इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सैफ पठान ने सत्ताधारी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा की मुंब्रा शहर की जनता जाग चुकी है सही और गलत समझ चुकी है और आज बदलाव लाना चाहती है क्योंकि अगर जनता बदलाव लाना नहीं चाहती तो इस मीटिंग के अंदर सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी के अलावा मुंब्रा शहर की जनता की उपस्थिति देखी जाति इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है



कि जनता सत्ताधारी पार्टी की जुमलेबाजी से त्रस्त हो चुकी है सत्ताधारी पार्टी ने वर्ष 2009 में मुंब्रा शहर की जनता को उड़ान दिखाई उसके बाद वर्ष 2014 में सत्ताधारी पार्टी ने मुंब्रा शहर की जनता को संघर्ष का रास्ता दिखाया अब वर्ष 2022 खत्म होने आया है अब क्या दिखाना चाहती है जनता जनार्दन जाग चुकी हैं सत्ताधारी पार्टी सिर्फ जुमलेबाजी कर रही है और जो सपने मुंब्रा शहर वासी को दिखाए जा रहे हैं वह सिर्फ एक सपना ही है जो की हकीकत से बहुत दूर है उन्होंने सत्ताधारी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा सत्ताधारी पार्टी की ढाई साल इनकी सरकार के कार्यकाल में राज्य के ग्रह निर्माण मंत्री इनके ठाणे महानगरपालिका के विरोधी पक्ष नेता इनके परिवहन समिति के सदस्य इनके तमाम नगरसेवक इनके फिर भी मुंब्रा शहर वासियों को विकास के नाम पर सिर्फ जनता के साथ में ठगी की गई और कुछ नहीं कब्रस्तान का हेरफेर किया गया, स्लाटर हाउस की जगह पर टीएमसी के नाम पर इमारत निर्माण की जा रही है अब वह कितनी कानूनी है या कितनी अवैध है यह तो आने वाला समय ही बताएगा, बच्चों के खेलने के रिजर्वेशन प्लॉट पर अवैध निर्माण किया जा रहा है बच्चों के पढ़ने के लिए लाइब्रेरी नजर नहीं आती सरकारी स्कूल की हालत खस्ता है और सरकारी अस्पताल निजीकरण करने की कोशिश की जा रही हैं ट्राफिक की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी है हॉकर्स लावारिस की तरह दर-दर भटक रहे हैं क्योंकि होकर जोन नहीं मिला गार्डन दूर दूर तक देखने को नहीं मिलता चौपाटी का लॉलीपॉप जनता चूस चूस के थक गई है हज हाउस लापता हो गया गर्ल्स हॉस्टल दूरबीन से देखना पड़ेगा तभी भी नजर नहीं आएगा सोने पर सुहागा टोरेंट पावर लाकर मुंब्रा शहर की गरीब जनता को और गरीब बना दिया ढाई साल सरकार के कार्यकाल होने के बावजूद भी मुंब्रा शहर वासियों के लिए क्रिस्टल डेवलपमेंट स्कीम तक लेकर नहीं आए जबकि हाउसिंग मिनिस्टर थे अगर क्रिस्टल डेवलपमेंट स्कीम आ जाती तो मुंब्रा शहर खूबसूरत बन जाता विरोधी पक्ष नेता ने कितनी सरकारी स्कूलों को चमकाया परिवहन सदस्य ने मुंब्रा शहर में कितने बेहतर बस स्टॉप दिए मुद्दे बहुत हैं और सच्चाई यह है आखिर 15 वर्षों में सत्ताधारी पार्टी ने मुंब्रा शहर वासियों के लिए क्या किया और अब चुनाव दो-तीन महीने में होने वाले हैं इसलिए सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी कभी ट्रैफिक की समस्या को लेकर सड़क पर नजर आ रहे हैं कभी लोकल ट्रेन का समाधान करने सड़कों पर मीटिंग आयोजित की जा रही हैं सैफ पठान ने साफ शब्दों में स्पष्ट कर दिया सत्ताधारी पार्टी आने वाले आगामी मनपा चुनाव को देखते हुए ड्रामेबाजी कर रही है और जनता को फिर से लाली पॉप देने की कोशिश कर रही है लेकिन शायद वह यह नहीं जानते जनता जाग चुकी है अब सत्ताधारी के कोई हथकंडे में मुंब्रा शहर की जनता अब नहीं आने वाली।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर दो सड़क हादसों में 10 लोग जख्मी

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर हुए दो सड़क हादसों में दो होम गार्ड और एक पुलिस कांस्टेबल समेत 10 लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने बताया कि रायगढ़ में खालापुर के पास रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे खड़ी हुई गाड़ी और जीप को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस जीप में पुलिस कर्मी सवार थे। अधिकारी ने बताया कि कार टायर के फटने की वजह से खड़ी हुई थी और उसके चालक ने पुलिस को सूचित किया था जिसके बाद गश्त करने वाली जीप मौके पर पहुंची थी जिसमें पुलिस का एक कांस्टेबल और दो होमगार्ड सवार थे। टायर बदलने का काम चल रहा था तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने कार और जीप को टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया कि हादसे में कांस्टेबल और दो होमगार्ड एवं तीन अन्य लोग जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि तीन लोगों की हालत गंभीर है और उन्हें नवी मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि एक अन्य घटना में मुंबई जा रही एक बस खालापुर में एक्सप्रेस वे पर सोमवार तड़के करीब साढ़े पांच बजे पलट गई। इस हादसे में चार लोग जख्मी हो गए।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### फिर बढ़ी केआरके की मुश्किलें

उन्होंने कहा कि वो केआरके से 2017 में एक हाउस पार्टी के दौरान मिली। इस पार्टी में केआरके ने खुद को एक प्रोड्यूसर के रूप में पेश किया और इसके बाद दोनों ने एक- दूसरे के साथ फोन नंबरों को एक्सजेंस किया। एक्ट्रेस के मुताबिक, उसी साल केआरके ने कहा कि वो इमरान हाशमी स्टारर कैप्टन नवाब नाम की एक फिल्म में उसे लीड रोल देंगे और फोन पर अश्लील कमेंट भेजा। उसने आरोप लगाया कि जनवरी 2019 में, केआरके ने उसे अपने जन्मदिन के लिए अपने बंगले में पर बुलाया। हालांकि वो उस दिन नहीं गई थी, लेकिन वो उसी हफ्ते शाम 7 बजे के आसपास उनके बंगले में चली गई। एक्ट्रेस ने बताया कि गर्मी बहुत ज्यादा थी, इसलिए वह उसे पहली मंजिल के एक कमरे में ले गया। फिर केआरके ने उसे वोदका ऑफर की, जिसे उसने पीने से मना कर दिया। फिर उसने उसे ऑरेंज जूस दिया और एक्ट्रेस को जूस पीते ही चक्कर आया। इसके बाद केआरके ने उसके साथ सेक्सुअल रिलेशन बनाने की कोशिश की लेकिन वो डर गई और वहां से चली गई। एक्ट्रेस ने अपने दोस्त को फोन किया, जिसने कहा कि केआरके का इंडस्ट्री में बड़ा दबदबा है और इसके बारे में शिकायत करने से उसका करियर का असर हो सकता है। वही अब केआरके के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 ए और 509 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि केआरके पहले ही एक मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे हैं। केआरके को 29 अगस्त को देर रात मलाड पुलिस ने एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत मे भेज दिया था। केआरके ने तुरंत जमानत के लिए याचिका दी लेकिन सुनवाई दो सितंबर के लिए टाल दी गई थी।

### एकनाथ शिंदे का उद्धव को एक और झटका

इस लिस्ट में बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर और एकनाथ खडसे का भी नाम था। जानकारी के अनुसार, शिंदे सरकार के अनुरोध को राज्यपाल ने स्वीकार कर लिया है। अब शिंदे सरकार की तरफ से कैबिनेट में प्रस्ताव पारित कर 12 नामों की नई सूची राज्यपाल को भेजी जाएगी। इसका मतलब यह है कि विधान परिषद के 12 सदस्यों के नाम शिंदे गुट और बीजेपी मिलकर तय करेंगे। इसके पहले तत्कालीन महाविकास आघाड़ी सरकार ने राज्यपाल को दो बार सूची भेजी थी, लेकिन राज्यपाल ने तकनीकी और कानूनी मुद्दों को उठाते हुए इसे मंजूरी प्रदान नहीं की थी। इस वजह से मामला अदालत तक पहुंच गया।

### संजय राउत को नहीं मिली राहत

ईडी की हिरासत में रहने के बाद शिवसेना के नेता को आठ अगस्त को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश एम। जी। देशपांडे ने सोमवार को राउत की हिरासत अवधि पांच सितंबर तक बढ़ा दी। ईडी ने अदालत को बताया कि मामले में उसकी जांच अब भी जारी है। ईडी की जांच पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं और राउत की पत्नी तथा सहयोगियों से संबद्ध वित्तीय लेनदेन से जुड़ी है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के करीबी संजय राउत ने इन सभी आरोपों को खारिज किया है। मुबंई के पात्रा चॉल मामले में जेल में बंद शिवसेना सांसद संजय राउत की मुश्किल और बढ़ गई है। कोर्ट ने 19 सितंबर तक उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउत को 1 अगस्त को मुंबई के उत्तरी उपनगरों में एक पुनर्विकास परियोजना से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। राउत को अपने सह आरोपी प्रवीण राउत से कांदिवली में पात्रा चॉल की पुनर्विकास परियोजना से अपराध की आय प्राप्त करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने शुरू में दावा किया था कि राउत के परिवार को 1.06 करोड़ रुपये 'प्रत्यक्ष लाभार्थी' के रूप में मिले थे और बाद में दावा किया कि 2.25 करोड़ रुपये के नए निशान का पता चला था। राउत ने आरोपों से इनकार किया है।

### स्कूलों में स्वच्छ शौचालय नीति के लिए क्या शुभ महूर्त का इंतजार?

बता दें, सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने लॉ की दो छात्राओं निकिता गोरे और वैष्णवी घोलवे की याचिका पर सुनवाई की, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा माहवारी स्वच्छता को लेकर प्रभावी प्रबंधन लागू न करने पर चिंता जताई गई है। याचिका कर्ता दोनों छात्राओं निकिता गोरे और वैष्णवी घोलवे ने कहा कि इससे महिलाएं और खासतौर से किशोरियां समस्याओं का सामना कर रही हैं। याचिका में सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूलों में शौचालयों में गंदगी का मुद्दा भी उठाया गया।

# सेवा संस्थान द्वारा नवनियुक्त उर्दू बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों का किया सम्मान

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** मुस्लिम महासभा के एन डी कादरी ने बताया कि गोपेश्वर बस्ती स्थित गणगौर पैलेस में सेवा संस्थान बीकानेर द्वारा राजस्थान उर्दू बचाओ संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष बीकानेर के अता हुसैन कादरी, प्रदेश संयोजक मूसा खान, सीमा भाटी, प्रदेश संरक्षक रमजान खान, प्रदेश उपाध्यक्ष मंसूर अली, प्रदेश मीडिया प्रभारी अकरम अली सुलेमानी,कानूनी सलाहकार परिषद के एडवोकेट हैदर मौलानी, एडवोकेट सकीना खान इन सभी के मनोनीत होने पर आज इनका सम्मान समारोह प्रोग्राम आयोजित हुआ।इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि मौलाना अब्दुल वाहिद अशरफी विशिष्ट अतिथि डॉ विजय आचार्य,और अध्यक्षता मनोनीत पार्षद हाजी मोहम्मद असलम ने की इस प्रोग्राम का संचालन जाकिर नागौरी ने किया तथा



स्वागत भाषण एडवोकेट मोहम्मद असलम ने दिया सीमा भाटी ने अपने उद्बोधन में कहा उर्दू जबान एक खुबसूरत जबान है जो बोलने और सुनने में मीठी और मोहब्बत भरी लगती है। प्रदेश अध्यक्ष अता हुसैन कादरी ने कहा उर्दू जबान हमारे हिंदुस्तान की जबान है ना की किसी धर्म की मूसा खान ने कहा स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को उर्दू कोर्स लेना चाहिए ताकि नियमित उर्दू टीचरों की नियुक्तिया हो। और इस प्रोग्राम में एन डी कादरी ने अपने संबोधन कहा कि प्रशासनिक अधिकारी गलत सूचना सरकार को देकर उर्दू भाषा को अन्य राज्यों की तरह राजस्थान में भी कमजोर कर खत्म करवाना चाहती जो नामुमकिन है, क्योंकि उर्दू भाषा सरकार के कामकाज का हिस्सा बन चुकी है। उर्दू का खत्म करना मतलब इंसान के शरीर में कलेजे निकाल फेंकना जैसा है। कानुनी भाषा में हर मजमून वगैर उर्दू भाषा के अधुरा है। इस अवसर पर नजरुल इस्लाम, इनायत अली कुरेशी, अकरम नागौरी, हसन खिलजी, एडवोकेट अशरफ अली उस्ता,एम एच पप्पू, एडवोकेट शमशाद अली, सलीम कुरेशी, व कई गणमान्य लोग उपस्थित हुवे सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारी गण का माला पहनाकर सम्मान किया।

# डॉ. स्वामी चक्रपाणि महाराज ने प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के सम्मानित चिन्ह का विमोचन किया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रखर हिन्दुत्व के धनी डॉ. चक्रपाणि महाराज ने अखिल भारत हिन्दू महासभा भवन में प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के सम्मानित चिन्ह का विमोचन किया है और अपने संदेश में देश के सभी पत्रकारों आशीर्वाद दिया तथा देश में पत्रकारों की सभी समस्याओं के लिए गठित प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्य को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पांडेय, प्रसन्ना कुमार, राष्ट्रीय ट्रेजरार संदीप जाधव, प्रकाश पंवार, अजीत पांडेय, राहुल जाधव बधाई के पात्र हैं और उन्होंने सभी पत्रकारों से संगठन से जुड़ने का आग्रह किया हैं तथा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि मीडिया में संगठन के लिए इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में संगठन के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष व राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ का सहयोग सराहनीय एवं काबिले तारीफ हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि देश में पत्रकारों के हितार्थ समर्पित एवं सभी जगह अपनी सक्रिय हुए निभाने वाले संगठन प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट से जुड़ने का आह्वान किया हैं। राजस्थान में जुड़ने के लिए राजस्थान प्रदेश कार्यालय भैरु सिंह राठौड़ भारत भवन कालियास, रायला भीलवाड़ा पर संपर्क किया जा सकता हैं।



# स्मृति ईरानी ने के हाथों शिक्षक दिवस पर दिल्ली में कैट के नॉलेज मिशन राष्ट्रीय अभियान को किया लॉंच

**कॉन्फेडरेशन** ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महाराष्ट्र प्रदेश के महामंत्री एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया 'तेजी से बदल रहे देश के व्यापारिक परिदृश्य में देश भर के व्यापारियों को भी अपने वर्तमान बिसनेज मॉडल को डिजिटल तकनीक और आधुनिक बनाने की बड़ी जरूरत है और इस हेतु कैट द्वारा आज शिक्षक दिवस पर देश भर में कैट इंडिया नॉलेज मिशन के राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत किया जाना बड़ा ही सराहनीय कार्य है'- यह कहते हुए केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने आज नई दिल्ली में कैट के इस राष्ट्रीय अभियान को लॉंच किया जिसके जरिए कैट दिल्ली सहित देश भर के व्यापारियों को अपने व्यापार को उच्च तकनीकी, आधुनिक एवं डिजिटल टेक्नॉलजी को अपनाने पर शिक्षित एवं प्रेरित किया जाएगा। कैट ने अभियान का मुख्य फोकस युवाओं एवं महिलाओं को उद्यमी बनाने पर रखा है।



यह अभियान ऑनलाइन एवं ऑफलाइन वर्क्शाप, सेमिनार एवं कार्यशालाओं द्वारा देश भर में चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा, प्रदेश महामंत्री देवराज बवेजा, आशीष ग्रोवर एवं सतेंद्र वधवा सहित बड़ी संख्या में दिल्ली के प्रमुख व्यापारी नेता मौजूद थे। श्रीमती स्मृति ईरानी ने कार्यक्रम में शामिल व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान से देश के व्यापारी वर्ग को जोड़ने देश का व्यापार एवं अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि उपभोक्ताओं के साथ व्यापारियों का आपसी समन्वय भी बडेगा। उन्होंने कहा की युवाओं एवं महिलाओं को उद्यमी बनाने की कैट की सोच बहुत बड़ी है क्योंकि जहां युवा देश का भविष्य हैं वहाँ महिलाओं से बेहतर कोई मैनेजमेंट गुरु नहीं हो सकता और इस सोच से देश के व्यापार एवं अर्थव्यवस्था दोनों मजबूत होंगी। उन्होंने यह भी कहा की भारतीय व्यापारी पूरे विश्व में सबसे अधिक कर्मशील है और बदली व्यापारिक परिस्थितियों में व्यापार करने के पुराने ढंग को बदल कर आधुनिक परिवेश में ढालने से व्यापारियों के व्यापार में तो वृद्धि होगी ही बल्कि व्यापार करने में ज्यादा आसानी होगी। उन्होंने कहा कि कैट द्वारा आज से शुरू किया गया नॉलेज मिशन अभियान वक़्त की जरूरत है जिसके जरिए व्यापारियों को बताया जा सके की क्यों उन्हें अपने व्यापार के ढाँचे में परिवर्तन की आवश्यकता है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने इस मिशन के बारे में बताते हुए कहा की पिछले कुछ वर्षों में विदेशी ई कामर्स कंपनियों एवं बड़ी कोरपोरेट कंपनियों ने एक सोची समझी योजना के तहत तरह तरह के हथकंडे अपनाते हुए देश के रिटेल व्यापार पर अपना कब्जा जमाने तथा अपनी मोनोपॉली बनाने के कुत्सित प्रयास शुरू किए हैं जिसका बेहद बुरा असर व्यापारियों के व्यापार पर पड़ा है। देश के रिटेल व्यापार को इस अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचाने तथा व्यापारियों का व्यापार व्यापारियों के हाथ में ही रहे, इस दृष्टि से युवाओं एवं महिलाओं को केंद्र में रखते हुए यह नॉलेज मिशन शुरू किया है जिसमें व्यापार में आधुनिकीकरण क्यों जरूरी है, व्यापार में कम्प्यूटर के उपयोग एवं डिजिटल पेमेंट को क्यों अपनाया जाए, उपभोक्ता की पसंद को देखते हुए दुकान को शोरूम में क्यों परिवर्तित किया जाए, व्यापारियों को बाजार की माँग के अनुसार किस सामान का ज्यादा स्टॉक रखना चाहिए, दुकान में डिस्प्ले, शेल्फ विंडो एवं साइनिज का क्या महत्व है, व्यापारियों को अपने ग्राहकों से किस प्रकार का संबंध रखना चाहिए, वर्तमान संदर्भ में सोशल मीडिया का उपयोग अन्य कामों की बजाय अपने व्यापार में वृद्धि करने पर किया जाए, कर एवं अन्य कानूनों का समय पूर्व पालन क्यों आवश्यक है, दुकान की अधिकतम सुरक्षा किस प्रकार से की जाए आदि जैसे विषयों पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरीके से जानकारी प्रमुख रिटेल विशेषज्ञों एवं अनुभवी लोगों द्वारा दी जाएगी। खंडेलवाल ने बताया की इस विशिष्ट कार्यक्रम के विभिन्न मोडयूल लगातार बनाने के लिए कैट ने शैक्षिक टेक्नॉलजी की विख्यात कंपनी ग्रैपोस एडूटेक को जोड़ा है। इस अभियान के जरिए समय समय पर व्यापार से संबंधित विषयों एवं कानून आदि पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों, अधिसूचनाओं आदि का निरंतर अप्डेट दिया जाएगा।

# जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन 23 व 24 को सिरोही में करने का निर्णयः धर्मेंद्र गहलोत




**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) का जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन 23 व 24 सितम्बर को सिरोही में करने को लेकर प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत एवं जिला अध्यक्ष देवेश खत्री के सानिध्य में गांधी पार्क में आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के अनुसार संघ (प्रगतिशील) के जिला मंत्री इनामुल हक कुरैशी ने बताया है कि राज्य सरकार द्वारा 23 व 24 सितम्बर को जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन आयोजित करने के तिथि निर्धारित की हैं। इसी संदर्भ में राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) का विशाल जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन को सिरोही में करने का सर्व सम्मत निर्णय लिया। जिसकी व्यवस्थार्थ कमेटियां के गठन का परिपत्र पृथक से जारी किया जायेगा। बैठक में सभाध्यक्ष भगवत सिंह देवड़ा, उपशाखा अध्यक्ष इन्दरमल खंडेलवाल, शिवगंज अध्यक्ष छगनलाल भाटी, रेवदर अध्यक्ष विनोद नैनावत, सविता शर्मा, धर्मेन्द्र खत्री, भीखाराम कोली, रमेश परमार, नवनीत माथुर, ओमजीलाल शर्मा, अयुब खान, भंवरसिंह दहिया, सत्य प्रकाश आर्य, हरीश खण्डेलवाल सहित दो दर्जन पदाधिकारियो की उपस्थिति थे।

# राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण शिक्षक ही करता हैं: श्रुति सेतिया योगाचार्या

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान 'राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका' पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल में 439 वां वेबिनार था। मुख्य वक्ता योगाचार्या श्रुति सेतिया ने कहा कि हर व्यक्ति के निर्माण में सबसे अधिक महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षक की होती है,अगर शिक्षक सही शिक्षा विद्यार्थी को दें तो वह महानता को छू लेगा और राष्ट्र व संस्कृति के प्रति जागरूक रहेगा।आचार्य चाणक्य के अनुसार- शिक्षक गौरव घोषित कब होगा जब यह राष्ट्र गौरवशाली होगा और यह राष्ट्र गौरवशाली तब होगा जब यह राष्ट्र अपने जीवन मूल्यों और परंपराओं का निर्वाह करने में सफल एवं सक्षम होगा और यह राष्ट्र सफल एवं सक्षम तब होगा जब शिक्षक अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह करने में सफल होगा और शिक्षक सफल तब कहा जाएगा जब वह राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करने में सफल हो।हमारी प्राचीन गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के साथ आधुनिक शिक्षा प्रणाली की तुलना




करेंगे तो दोनों के बीच बहुत बड़ी खाई दिखाई पड़ेगी। गुरुकुल में प्रत्येक विद्यार्थी नैतिक शिक्षा प्राप्त करता था।प्रत्येक विद्यार्थी में विनम्रता,आत्म संयम, आज्ञा पालन,सेवा और त्याग भावना सद- व्यवहार,सज्जनता, शिष्टता तथा अनंत बल्कि अत्यंत प्रमुख रूप से आत्मज्ञान की जिज्ञासा रहती थी।आधुनिक प्रणाली में शिक्षा का नैतिक पक्ष सम्पूर्णतः भुला दिया गया है। विद्यार्थी को सदाचार के मार्ग में प्रशिक्षित करने और उसका चरित्र सही ढंग से मोड़ने के लिए शिक्षक को स्वयंपूर्ण सदाचारी और पवित्र होना चाहिए।उसमें पूर्णता होनी चाहिए शिक्षक वृत्ति अपनाने से पहले प्रत्येक शिक्षक को शिक्षा के प्रति अपनी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी जान लेनी चाहिए। संसार का भावी भाग्य पूर्णतया शिक्षकों और विद्यार्थियों पर निर्भर है।यदि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को ठीक ढंग से सही दिशा में धार्मिक वृत्ति में शिक्षा दें तो संसार में अच्छे नागरिक योगी और जीवन मुक्त भर जाएंगे, जो सर्वत्र प्रकाश, शांति, सुख और आनंद बिखेर देंगे। केन्द्रीय आर्य युवक युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन जी की 134 वीं जयंती पर शिक्षक दिवस मनाया जा रहा है क्योंकि समाज की भावी संरचना की नींव शिक्षक ही रखते हैं। मुख्य अतिथि शिक्षाविद सावित्री चावला (पूर्व प्रधानाचार्य डी ए वी स्कूल) व अध्यक्ष श्रेष्ठा शर्मा (पूर्व शिक्षा अधिकारी डी ए वी),कृष्णा मुखी ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि शिक्षकों को भी अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। राष्ट्रीय मंत्री एवं योगाचार्य प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बाली।** शिक्षक दिवस पर मदरसा गौसिया मोईनुल इस्लाम प्राथमिक विध्यालय में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन। पंजीयन संख्या 1135/14.11.2022 भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति सर्व पल्ली ड़ा.राधाकृष्णन का जन्मदिवस पर शिक्षक दिवस के तौर पर मनाया।जिसमे नन्हे नन्हे बच्चों ने कविताएं पेश की एवं सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तान हमारा। मदरसा की अध्यापिका पठान साइन ने तराना पेश किया। मदरसा परिवार द्वारा मदरसा सदर रफीक खान, सचिव जमाल खान, जामा मस्जिद बाली, इमाम साहब सैय्यद मेहबूब अली साहब ने छात्राओं को शिक्षा के प्रति समझाया किया जागरूक किया भामाशाह श्री रमेश कुमार सोनी एवं संस्था प्रधान इमरान पठान एवं अध्यापिका पठान शाहीन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान इमरान पठान,अध्यापिका पठान शाहीन, जनाब रफीक खान, इमाम साहब, जमाल खान, रमेश कुमार सोनी जनाब इकबाल खान आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहें।



# बिजली चेकिंग के दौरान हो रहे अवैध वसूली को रोकने के सौंपा ज्ञापन

**तुलसीपुर** नगर के युवाओं द्वारा नगर में चल रहे बिजली चेकिंग के दौरान हो रहे अवैध वसूली को रोकने के लिए उप जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें आईटी मंडल संयोजक अमित कसौधन ने बताया कि इस समय नगर में बिजली चेकिंग एवं वसूली चल रहा है जिसमें सरकारी कर्मचारी मनमाने ढंग से बिजली बकायेदारों के वसूली कर रहे हैं एवं बिजली काटने की धमकी देकर 1000-500 रुपए मांगते हैं जिससे नगर के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं भाजपा युवा मोर्चा मंडल मंत्री रितिक चौरसिया एवं भारतीय जनता पार्टी के सभासद मनु शुक्ला ने ने कहा कि अगर उनकी वसूली बंद नहीं हुई तो विशेष रुप से आंदोलन किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के सभासद मनु शुक्ला, भाजपा युवा मोर्चा मंडल मंत्री ऋतिक चौरसिया, विद्यार्थी परिषद के तहसील संयोजक रोहित सिंह, रमजान अली, अभी कनौजिया आदि लोगों की उपस्थिति रही।




# बीड़ी बनाकर पैसा जोड़ने वाली जरीना बी की उमराह की तैयारी

**मुंबई हलचल / सैयद रिजवान अली**

**इंदौर।** अल्लाह के मुकद्दस घर और हुजूर-ए-अकरम सल्ल. अलैहि वसल्लम के रोजाए अतहर की हाजरी की तमन्ना हर मुसलमान के दिल में होती है, अल्लाह अपने फज्ल से हज और उमराह पर ऐसे भी लोगों को बुला लेता है जिनके पास गुंजाइश नही होती, बस एक ख्वाब होता है, तड़प होती है। जज्बा होता है। कैसे-कैसे लोगों को अल्लाह रब्बुल इज्जत ने अपने दरबार में बुला लिया, जो लोग इस्तेताअत ना होने के बाद भी हज,उमराह करके लौटे और अपनी दास्तान सुनाई कैसे उनका पैसों का इंतजाम हुआ, कैसे उन्होंने दिन-रात मेहनत कर पसीने की कमाई से इस सफर के लिये रकम इकट्ठा की, उनकी यही अदा अल्लाह को पसंद आती है जिसके एवज में उन्हें मेहमान-ए-हरम के खिताब से नवाजा जाता है। मध्यप्रदेश के खण्डवा की रहवासी शमीम बानो ट्रेन में मूंगफली बेचती थी, दिल में उमराह पर जाने की बेहद तमन्ना थी, कैसे और कब उनके पास पैसों का इंतजाम हो गया? उन्हें खुद नही पता कुछ साल पहले वह उमराह करके आ चुकी हैं, इसी कड़ी में खण्डवा की ही जरीना बी जिन्होंने बड़े मुश्किल हालातों



में जिन्दगी गुजारी, शौहर के इंतकाल के बाद बच्चों की परवरिश की, उनकी शादी की जिम्मेदारी निभाई, कितनी मेहनत करनी पड़ी होगी वही जानती हैं, बीड़ी बना-बनाकर बच्चों की परवरिश करने वाली मुकामी शकर तालाब की रहवासी जरीना बी के दो बेटे और तीन लड़कियाँ हैं, उन्होंने पिछले दस साल से उमराह पर जाने का इरादा कर रखा है जैसे-तैसे पैसा इकट्ठा करती फिर कोई न कोई खर्च में लग जाते, दस साल पहले बना पासपोर्ट भी खत्म हो गया है, अब पासपोर्ट बनते ही अक्टूबर महीने में उमराह के लिये रवाना होंगी। वो जब अपनी जिंदगी की जद्दोजहद के बारे में बताती हैं तो कई बार उनकी आंखें भीग जाती हैं, आंखों से बेतहाशा आँसू निकल पड़ते हैं, लेकिन खुश हैं उमराह का इंतजाम हो गया है, कुछ कम हैं जाने तक वो भी हो जाएगा, बकरीद पर बकरों को बेच कुछ रकम और इकट्ठा हुई उसे भी उमराह के नाम पर जमा कर लिया। कैसी तड़प है? कैसी आँखे इंतजार में है अल्लाह के घर को देखने की। उसका तवाफ करने की। हुजूर सल्ल. अलैहि वसल्लम के रोजाए अकदस पर पहुँच सलातो-सलाम का नजराना पेश करने की।




दैनिक मुंबई हलचल
जरुरी सूचना
पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.
धन्यवाद... संपादक
9821238815

# अवैध निर्माणकर्ताओं की कठपुतली बन कर नाच रहे हैं मनपा एल/विभाग के प्रभाग क्र.168 के सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता

## क्या मनपा के सहआयुक्त महादेव शिंदे करेंगे इस अवैध निर्माण पर कार्रवाई?

### अवैध निर्माणकर्ता ठेकेदार समीर के गाला क्र.12 शिवाजी कुटीर मंडल समीप लखनऊ जायका होटल एल बी एस मार्ग कुर्ला (प.) पर बने अवैध निर्माण पर आखिर किस अधिकारी का संरक्षण?




### देखना होगा कि ठेकेदार समीर के अवैध निर्माण पर सहायक अभियंता किरण कुमार अन्नमवार व कनिष्ठ अभियंता विशाल चौधरी कब करते है कार्रवाई?

**संवाददाता /अजय उपाध्याय**

**मुंबई।** कुर्ला एल/विभाग महानगर पालिका में अमीरों के लिये अलग कानून और गरीबों के लिये अलग कानून जैसा प्रतीत होता दिखाई दे रहा है। जब कोई गरीब निर्माण करता है तब मनपा उसे ध्वस्त कर खूब सुर्खियां बटोरती है, लेकिन भूमाफियाओ के अवैध निर्माण पर तोड़क कार्रवाई करने से बचते दिखते है जिसके चलते मनपा प्रशासन पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप स्थानीय लोगों द्वारा लगाया जा रहा है। इन दिनो एल/विभाग मनपा के कुछ भ्रष्ट अधिकारी भूमाफियाओं पर मेहरबान नजर आ रहे है। जब मनपा के रक्षक ही भक्षक बन जाये तो तो भला इससे बुरी स्थिति और क्या हो सकती है। मनपा के कुछ भ्रष्ट




सहायक आयुक्त महादेव शिंदे एल/विभाग मनपा कार्यालय



कनिष्ठ अभियंता विशाल चौधरी प्रभाग क्र.168 इमारत व कारखाने विभाग एल विभाग मनपा



सहायक अभियंता किरण कुमार अन्नमवार प्रभाग क्र.168 इमारती व कारखाने विभाग एल विभाग मनपा



MMC ACT 354A

MUNICIPAL CORPORATION OF GREATER MUMBAI
STOP WORK NOTICE UNDER SECTION 354 (A) OF
MUMBAI MUNICIPAL CORPORATION ACT, 1888

Notice No.:L/DO1L/168/354A-MMC ACT/L686N01/30-08-2022 Date: 30/08/2022

Ref No.: 150777

To,

Owner/Occupier,
Mr.Madiuddin Watiuddin Choudhary,
Gala No.12,
Shivaji Kutir Mandal,
Opp.Lakhanav Zayaka Hotel,
L.B.S Road,
Kurla (W) Mumbai -400070

Whereas the undersigned has been appointed as the Designated Officer under section 351(1) of Mumbai Municipal Corporation Act, 1888 (hereinafter for the brevity sake referred as the said Act) to exercise the powers under section 351, 352, 352A and 354A of the said Act.

And whereas I am satisfied that you have unlawfully commenced / are unlawfully carrying on erection of building / execution of work as described in the schedule appended below in contravention of section 337/342 and section 347 of the said Act situated at Gala No.12,Shivaji Kutir Mandal, Opp.Lakhanav Zayaka Hotel, L.B.S Road, Kurla (W) Mumbai -400070

Schedule (Description of work):

Unauthorised vertical extension to existing structure using MS angles, ladi coba slab & siporex blocks admeasuring 5.00 x 26.00 m x 4.00 m ht located at Gala No.12,Shivaji Kutir Mandal, Opp.Lakhanav Zayaka Hotel, L.B.S Road, Kurla (W) Mumbai -400070

Therefore, I, in exercise of powers and functions conferred upon me under section 354A of the said Act, hereby direct you to stop the erection of the said building / execution of the said work forthwith and submit permission approved by the competent authority in favour of the erection of the said building or execution of the said work within 24 hours in my office.

It should be noted that, if the erection of the building or execution of the work is not stopped forthwith or permission approved by the competent authority in favour of the erection of the said building or execution of the said work is not produced within 24 hours from the service of this notice, the said building/work will be removed or pulled down and all the materials, machinery, equipment, devices or articles used in the process of erection of the said building or execution of the said work will be removed from the site, at your risk and cost, without further notice.

It should also be noted that the police officers are being directed to remove all persons directing or carrying out the said erection of building or execution of work from the place where the building is being

अधिकारी महज अपनी जेबें भरने के चक्कर में अपनी ईमानदारी को बेच रहे है। एल/विभाग मनपा में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है कुछ अधिकारी भ्रष्ट ठेकेदार तथा भ्रष्ट अवैध निर्माणकर्ता से मिलीभगत कर अवैध निर्माण करवा कर मनपा को करोड़ों का चुना लगा कर भ्रष्टाचार कर रहे है। ऐसा ही मामला प्रभाग क्र.168 के कार्यक्षेत्र अंतर्गत गाला क्र.12 शिवाजी कुटीर मंडल एल बी एस मार्ग पर देखने को मिल रहा है जहाँ अवैध विकासक ठेकेदार समीर धड़ल्ले से अवैध निर्माण कर रहा है। इस अवैध निर्माण की स्टॉप वर्क नोटिस दिनांक 30/08/2022 को 4 मीटर की नोटिस जारी की गई है जोकि मौजूदा समय में 12 मीटर है, मनपा अधिकारी माप में भी झोल करते हैं, तब पर भी अवैध निर्माण दिन दोगुना और रात चौगुना के तर्ज पर कर लिया गया है और इस अवैध निर्माण का पूरा होना भ्रष्टाचार नही तो क्या है। देखना यह है कि यह खबर प्रकाशित होने के बाद क्या विभागीय अधिकारी तोड़क कार्रवाई करेंगे या भ्रष्टाचार की झप्पी खाकर शिकायतकर्ताओ को गुमराह करेंगे।

## आर्मी के जवानों ने ल्याल पब्लिक स्कूल में किया हथियारों का प्रदर्शन तथा बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक





**मुंबई हलचल / सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** ल्याल पब्लिक स्कूल में फर्स्ट लाइन आफ डिफेंस बीएसएफ द्वारा विद्यार्थियों को बीएसएफ से जुड़ने के लिए जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीएसएफ द्वारा बच्चों में राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करने तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है जिससे कि भविष्य में ये बच्चे जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण कर सकें।इसी कड़ी में ल्याल पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में देश की रक्षा करने वाली पहली सुरक्षा पंक्ति बीएसएफ द्वारा बच्चों को एक डॉक्यूमेंट्री दिखाकर उन्हे न केवल बीएसएफ से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया बल्कि इसके माध्यम से बताया कि किस प्रकार सीमा सुरक्षा बल देश की रक्षा के लिए सर्वस्व समर्पित कर रहा है। इस अवसर पर कमांडेंट सुब्रतो राय तथा सतीश कुमार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार बॉर्डर क्षेत्र में दुश्मन देश द्वारा तस्करी का काम बड़े पैमाने पर किया जाता है तथा बीएसएफ उनके इस प्रयास को निष्फल करने में कारगर कदम उठाती है। उन्होंने युवा पीढ़ी से भी नशे से दूर रहने की अपील की।इससे पूर्व बीएसएफ से आए जवानों तथा महिला जवानों द्वारा अनेक हथियारों मशीनगन,राइफल तथा पिस्टल की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया गया, जो विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों कमांडेंट सुब्रतो राय एवं सतीश कुमार को शाला निदेशक विपिन पोपली प्राचार्य डॉ अंजू पोपली तथा मुकेश शर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने भी देशभक्ति से परिपूर्ण प्रस्तुतियां देकर माहौल को देश भक्ति के रंग से सराबोर कर दिया।

## अभिनेत्री नोरा फतेही से सात घंटे पूछताछ जैकलीन फर्नांडीज को भी नोटिस, महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है विवाद

**मुंबई हलचल / अरमान उल हक**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही से सात घंटे तक हिरासत में लेकर पूछताछ की।वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े रंगदारी के एक मामले में नोरा को तलब किया गया था। शनिवार को ई ओ डब्ल्यू के कार्यालय में नोरा के बयान दर्ज किए गए। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सुकेश चंद्रशेखर ठगी मामले में अभिनेत्री नोरा फतेही से सात घंटे पूछताछ की है पुलिस अधिकारी ने बताया कि नोरा ने सुकेश से जुड़े सभी सवालों के जवाब दिए। वहीं पुलिस ने फि ल्म अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को भी नोटिस भेजकर बारह सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। स्पेशल सीपी रविन्द्र यादव ने बताया कि नोरा फतेही को पूछताछ के लिए बुलाया था। जेल से सुकेश चन्द्र शेखर द्वारा चलाए जा रहे गिरोह से जुड़े शख्स से पूछताछ की जा रही है ताकि मुकदमे की जांच को मजबूत किया जा सके। इस दौरान नोरा फतेही ने पुलिस द्वारा पूछे गए सभी सवालों के जवाब दिए। दरअसल अभिनेत्री नोरा फतेही ने चेन्नई में सुकेश द्वारा आयोजित पार्टी में आमंत्रण पर शामिल हुई थीं। इस दौरान सुकेश ने नोरा फतेही को महंगे उपहार और एक महंगी कार भी दी थी।



# क्या है Whey Protein? महिलाओं को कब करना चाहिए इसका सेवन

**व्हे प्रोटीन के फायदे :** मसल्स और बॉडी बनाने के लिए पुरुष वर्कआउट के साथ व्हे प्रोटीन खाते हैं। व्हे प्रोटीन सप्लीमेंट पुरुषों के लिए बहुत अच्छा माना जाता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह महिलाओं के लिए भी फायदेमंद होता है। जी हां, एक रिसर्च के अनुसार व्हे प्रोटीन सप्लीमेंट का सेवन महिलाओं के लिए भी अच्छा होता है। आइए जानते हैं महिलाओं के लिए व्हे प्रोटीन के फायदे और इसे लेने की सही मात्रा।

## क्या होता है व्हे प्रोटीन?

व्हे प्रोटीन ऐसा हाई प्रोटीन होता है, जो प्राकृतिक दूध और मिल्क उत्पादों में पाया जाता है। यह कॉमन डायटरी सप्लीमेंट बॉडीबिल्डिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पचाने में आसान यह सप्लीमेंट वजन घटाने में भी मदद करता है। व्यायाम के तुरंत बाद केवल 10 ग्राम व्हे प्रोटीन खाने ले मसल्स पुनर्निर्माण के लिए तैयार हो जाती है।

## महिलाओं के लिए क्यों जरूरी है व्हे प्रोटीन?

महिलाओं में लगातार बढ़ता मोटापा एक आम समस्या बन गई है। इसके कारण वह डायबिटीज, हार्ट डिसीज और कैंसर जैसी बीमारियों की चपेट में भी आसानी से आ जाती है। ऐसे में यह न सिर्फ मोटापा कंट्रोल करने के लिए बल्कि बीमारियों से बचने के लिए भी महिलाओं को व्हे प्रोटीन खाना चाहिए। इतना ही नहीं, इसका सेवन शरीर में प्रोटीन की कमी को पूरा करता है। आप इसे अपने ट्रेनर की सलाह पर ले सकती हैं।

## कितनी मात्रा में लेना चाहिए प्रोटीन

बाहर काम करने वाले महिलाओं को बॉडी वेट के हिसाब से प्रोटीन लेना चाहिए। एक्सपर्ट के अनुसार, प्रति किलो वजन के हिसाब से 0.75 ग्राम प्रोटीन लेना सही होता है। महिलाएं इसका सेवन वर्कआउट के बाद या उस दौरान कर सकती हैं। आप इसे जूस, दूध और पानी के साथ ले सकती हैं। इसके अलावा आप मीट, मछली, टोफू, नट्स या दालें का सेवन करके भी व्हे प्रोटीन की कमी को पूरा कर सकती हैं क्योंकि इन फूड्स में हाई प्रोटीन होता है।

## व्हे प्रोटीन के फायदे

1. पचाने में आसान होने के कारण आप इससे पेट से जुड़ी प्रॉब्लम से बच सकती हैं।
2. यह प्रोटीन शरीर में मसल्स बढ़ाने और फैट को कम करने में मदद करता है।
3. महिलाओं का इम्यून सिस्टम कमजोर होने के कारण वह जल्दी बीमार हो जाती है लेकिन इससे शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है।
4. जिन महिलाओं को लैक्टोज से एलर्जी की प्रॉब्लम है उनके यह बेहद फायदेमंद है।
5. अगर आप वजन कम करना चाहती हैं तो वर्कआउट के साथ व्हे प्रोटीन का सेवन करें। इससे न सिर्फ मोटापा कम होगा बल्कि वह कंट्रोल में भी रहेगा।
6. एंटीऑक्सीडेंट, एंटी वायरल और एंटी बैक्टीरियल गुण होने के कारण यह ब्लड प्रैशर को कंट्रोल करने में भी मदद करता है।



# हैल्दी हेयर के लिए सिर्फ तेल या शैंपू नहीं, ये डाइट भी लेनी जरूरी

**बालों के लिए उपयुक्त आहार :** बालों को लंबा, घना और खूबसूरत बनाने के लिए आप तेल, शैंपू, मेहंदी, अंडा, शिकाकाई, महंगे हेयर प्रॉडक्ट्स और न जाने क्या-क्या इस्तेमाल करते हैं। मगर इनके साथ-साथ बालों को स्वस्थ रखने के लिए हैल्दी डाइट लेना भी बहुत जरूरी है। ऐसे में बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए अपने डाइट चार्ट में पोषणयुक्त आहारों को शामिल करें। आइए जानते हैं हैल्दी बालों के लिए आपको क्या-क्या खाना चाहिए।

**1. अखरोट का सेवन –** रोजाना अखोरट का सेवन बालों को मजबूत और स्वस्थ रखता है। दरअसल, अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों की ग्रोथ को बढ़ाने और उसे मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके अलावा यह बालों को झड़ने और दोमुंहे होने से भी रोकता है।

**2. हरी सब्जियां –** पालक, ब्रोकली व अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों में मौजूद आयरन बालों को जड़ों से मजबूत बनाता है इसलिए अपनी डाइट में इसे भी जरूर शामिल करें। इसके अलावा स्प्राउट्स का सेवन भी बालों के लिए फायदेमंद होता है।

**3. हैल्दी पेय –** स्वस्थ बालों के लिए दूध और नारियल पानी का सेवन भी बहुत अच्छा होता है। जहां दूध में मौजूद कैल्शियम बाल झड़ने नहीं देता, वहीं नारियल पानी से शरीर में पानी की कमी नहीं होती, जिससे आप रूसी की समस्या से बचे रहते हैं।

**4. अंडा –** अंडा प्रोटीन का सबसे अच्छा स्त्रोत होता है। प्रोटीन के अलावा इसमें आयरन, सल्फर, जिंक और सेलेनियम भी पाया जाता है, जोकि बालों को मजबूत और प्रॉब्लम फ्री रखता है। हफ्ते में कम से कम 3-4 बार इसका सेवन बालों के लिए अच्छा होता है।

**5. मछली का सेवन –** मछली में मौजूद ओमेगा-थ्री फैटी एसिड, विटामिन बी-12 और आयरन भी बालों को चमकदार बनाता है। हफ्ते में कम से कम एक बार इसका सेवन सेहत के साथ बालों के लिए भी फायदेमंद होता है।

**6. साबुत अनाज –** साबुत अनाज में जिंक, विटामिन बी और आयरन जैसे पोषक तत्व पाये जाते हैं, जो बालों को स्वस्थ रखने में मददगार होता है। इतना ही नहीं, इससे बाल मजबूत भी होते है और हेयरफॉल की समस्या भी दूर होती है।

# घर पर आसानी से मिनटों में निकाले व्हाइटहेड्स



बेदाग और गोरे चेहरे की कामना हर किसी की होती है। मगर गलत खान-पान, कम पानी पीना या धूप में ज्यादा समय बिताने से चेहरे पर व्हाइटहेड हो जाते हैं। जो इंसान की पूरी पर्सनैलिटी को खराब कर देते हैं। अपने चेहरे पर पड़े इन दागों को दूर करने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाते हैं। मगर उनसे भी कोई फायदा नहीं होता। ऐसे में कुछ घरेलू नुस्खों को अपनाकर आसानी से व्हाइटहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं।

**1. चंदन पाउडर –** व्हाइटहेड से छुटकारा पाने के लिए चंदन पाउडर का इस्तेमाल करें। 1/2 टी स्पून चंदन पाउडर में 1 टीस्पून डिस्टिल्ड वॉटर डालकर मिक्स कर लें। अब इसको माथे और ठोडी पर लगाकर 5 मिनट के लिए छोड़ दे। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

**2. ओटमील –** ओटमील भी व्हाइटहेड से राहत दिलाता है। 2 टेबलस्पून उबले ओटमील में 1 टी स्पून गुलाबजल मिलाकर माथे और ठोडी पर लगाएं। तकरीबन 10 मिनट तक इसको चेहरे पर लगा रहने दें। कुछ देर बाद इसको ठंडे पानी से धो लें। रोजाना ऐसा करने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**3. मुट्ठी भर मेथी–** मेथी से भी व्हाइटहेड्स को गायब किया जा सकता है। मेथी के दानों को पीसकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को तकरीबन 20 मिनट तक लगाने के बाद चेहरा गर्म पानी से धो लें।

**4. चीनी और शहद स्क्रब–** चीनी और शहद को मिलाकर एक स्क्रब बना लें। रात को सोने से पहले या सुबह इस पेस्ट से स्क्रब करें। मगर ध्यान रहें स्क्रब करने के बाद कभी भी चेहरा गर्म पानी से ना धोएं। हमेशा नॉर्मल पानी का ही इस्तेमाल करें।

**5. बादाम और दूध 5-6** बादाम को पीसकर 2 चम्मच दूध में मिला लीजिए और गाढ़ा पेस्ट बनाइए। इस पेस्ट से चेहरे को स्क्रब कीजिए। इससे व्हाइहेड्स साफ हो जाएंगे और सकिन चमकदार बनेगी।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 'आशिकी 3' में अभिनय करेंगे कार्तिक आर्यन



**अभिनेता** कार्तिक आर्यन ने सोमवार को कहा कि वह वर्ष 1990 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आशिकी' की तीसरी सीरीज में नजर आएंगे। आगामी संगीतमय रोमांटिक ड्रामा का निर्देशन अनुराग बसु करेंगे, जिन्हें 'बर्फी', 'लूडो' जैसी प्रशंसित फिल्मों के लिए जाना जाता है। 'आशिकी 3' का निर्माण भूषण कुमार की टी-सीरीज और विशेष फिल्म्स के निर्माता मुकेश भट्ट कर रहे हैं। आर्यन ने सोशल मीडिया पर फिल्म के सुपरहिट गीत 'अब तेरे बिन जी लेंगे हम...' का संक्षिप्त वीडियो साझा करते हुए यह घोषणा की। वीडियो के इस गीत को अरिजीत सिंह ने गाया है। वर्ष 1990 की मूल फिल्म 'आशिकी' में यह गीत कुमार शानू ने गाया गया था। 'भूल भुलैय 2' के अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर लिखा, अब तेरे बिन जी लेंगे हम। जहर जिंदगी का पी लेंगे हम... 'आशिकी3'। ये दिल को झकझोर देने वाला होगा। बसु दा के साथ मेरी पहली फिल्म। निर्माताओं ने अब तक फिल्म की नायिका की घोषणा नहीं की है। बसु के कई फिल्मों में काम कर चुके संगीतकार प्रीतम 'आशिकी 3' के लिए संगीत देंगे।



# कंगना ने शाहिद के साथ किसिंग सीन को बताया ट्रेजेडी

**कंगना रनौत** अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर है। इंडस्ट्री में उनके जितने दोस्त नहीं है, उससे कही ज्यादा उनके दुश्मन है। कंगना की अपने कई को- स्टार्स के साथ भी कुछ खास नहीं जमती। कहा जाता है कि शाहिद और कंगना के बीच मनमुटाव की शुरूआत एक किसिंग सीन को फिल्माने के दौरान शुरू हुई। इस सीन की काफी चर्चा हुई थी, मगर दोनों के बीच दिक्कत का कारण बनी शाहिद की बहती नाक! जी हां, किसिंग सीन फिल्माने के दौरान कंगना ने शाहिद की रनी नोज को लेकर शिकायत की थी। कंगना ने शाहिद के साथ किस करने के अनुभव पर बात करते हुए कहा था, मुझे किसी फिल्म में इंटीमेट सीन करना पसंद नहीं है। उन्हें शूट करना सबसे मुश्किल होता है। अपका किसी के साथ सामान्य रिलेशन होता है और अचानक से आप एक दूसरे को किस कर रहे होते हो। शाहिद की बड़ी मूंछें बहुत ही डरावनी थीं। यह टर्न-ऑफ नहीं, बल्कि एक अलग ही लेवल की ट्रैजिडी थी। जब मैंने उनसे इस बारे में पूछा तो कहा कि उन्होंने वैक्स का इस्तेमाल किया था और नाक बह रही थी। जी हां, कंगना ने शहीद को किस करने के एक्सपीरियंस को डरावना बताया था।





# मलाइका अरोड़ा का क्रश

**मलाइका अरोड़ा** अपनी बोल्डनेस को लेकर हमेशा लाइमलाइट में बनी रहती हैं। मलाइका हर बार अपने लुक से अपने चाहने वालों का दिल जीत लेती हैं। मलाइका सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है एक्ट्रेस अपनी हर फोटो और वीडियो अपने फैंस के साथ साझा करती हैं जिन पर उनके फैंस खूब प्यार भी लुटाते हैं। इसी बीच मलाइका अरोड़ा ने अपने सेलेब्रिटी क्रश के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने बताया है कि मलाइका ने खुलासा किया कि वह एकलौते सेलेब है जिन्हें वह सोशल मीडिया पर देखती हैं। दरअसल, हाल ही में विक्की कौशल और रणवीर सिंह सहित कई सेलेब्स ने फिल्मफेयर अवार्ड्स 2022 में शिरकत की थी। रेड कार्पेट पर चलते हुए, इस दौरान मलाइका से पूछा गया कि क्या वह सोशल मीडिया पर किसी को स्टॉक करती हैं। इस सवाल पर शरमाते हुए एक्ट्रेस ने जवाब दिया और कहा, सच में नहीं, इसके अलावा टॉम क्रूज भी हो सकते हैं, मलाइका ने यह भी बताया कि कौन सा इमोजी उनका पसंदीदा है। हंसता हुआ चेहरा जो नीचे गिर रहा है। वहीं मलाइका अरोड़ा ने टॉम क्रूज का एक वीडियो अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है जिसमें हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज के कई लुक्स का एक ब्लैक-एंड-व्हाइट वीडियो शेयर हैं। इस वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने टॉम क्रूज लिखकर उसके आगे दिल वाला इमोजी शेयर किया है। एक्ट्रेस की ये स्टोरी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है साथ ही फैंस को बहुत पसंद भी आ रही है।